

जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन।

# संस्कृत प्रतिभा खोज में शामिल 115 प्रतिभागी

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया। संस्कृत गीत, संस्कृत गद्य वाचन व संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में कुल 115 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संस्कृत गीत प्रतियोगिता में श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की छात्रा प्राची ने प्रथम, संस्कृति ने द्वितीय तथा नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत गद्य वाचन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से उनकी ही कक्षा में निर्धारित संस्कृत की पाठ्य पुस्तक को पढ़वाया गया। जिसमें सनातन धर्म जूनियर हाई स्कूल गजरौला के कक्षा छह के छात्र कृष्णा ने प्रथम केपी इंटर सादपुर के कक्षा आठ के छात्र हर्षित ने द्वितीय व सोफिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में गुरुकुल चोटीपुरा की संस्कृति व खुशी की टीम ने प्रथम व जिज्ञासा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सनातन धर्म संस्कृत माध्यमिक विद्यालय गजरौला के प्रशांत और श्वेता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में डा.सीमा रानी शर्मा, डा.अनुभा गुप्ता, डा.अंजली उपाध्याय, डा.रिंकू कुमार, कृष्ण कुमार झा, मायारानी शामिल रहे। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल रायपुरिया ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम संयोजक डा.अरविंद कुमार, डा.नवनीत विश्नोई, डा.संगीता धामा, राजकिशोर शुक्ला, डा.पीयूष कुमार शर्मा, डा.जितेंद्र कुमार, संजीव आदि मौजूद रहे।

# संस्कृत प्रतिभा खोज में गुरुकुल चोटीपुरा की बेटियां अव्वल

## जेएस हिंदू पीजी कालेज में कराई गई जिलास्तरीय प्रतियोगित

जागरण संवाददाता, अमरोहा : जेएस हिंदू पीजी कालेज में आयोजित जिलास्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करा। जिसमें श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल की छात्रा प्राची प्रथम, संस्कृति द्वितीय और नंदिनी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



जेएस हिंदू पीजी कालेज में आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राएं • जागरण

उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ की ओर से संस्कृत गीत, संस्कृत गद्य वाचन तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में 115 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें सनातन धर्म जूनियर हाई स्कूल गजरौला के कक्षा छह के विद्यार्थी कृष्णा ने प्रथम, केपी इंटर सादपुर के कक्षा आठ के विद्यार्थी हर्पित ने द्वितीय तथा सोफिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें दो-दो विद्यार्थियों की टीम निर्धारित कर संस्कृत से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सर्वाधिक सही उत्तर देकर श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की संस्कृति और खुशी ने प्रथम तथा जिज्ञासा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सनातन धर्म संस्कृत माध्यमिक विद्यालय गजरौला के प्रशांत और श्वेता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, संस्कृत संभाषण की पुस्तक व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डा. वीर वीरेंद्र सिंह ने बतायो कि विजेताओं के खातों में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से 1000, 800 और 700 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में डा. सीमा रानी शर्मा, डा. अनुभा गुप्ता, डा. अंजली उपाध्याय, डा. रिंकू कुमार, कृष्ण कुमार झा व मायारानी गौड उपस्थित रहे। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल रायपुरिया, कार्यक्रम के संयोजक डा. अरविंद कुमार समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पेज से संबंधित खबरें : https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_jyotibaphule-nagar-news-hindi.html पर भी देखें।

# संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

## संस्कृत और भारतीय संस्कृति से होगा जुड़ना : रायपुरिया

**खास बात**

**विभिन्न विद्यालयों के 115 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग**

**प्रतियोगिता में गुरुकुल चोटीपुरा की छात्रा ने मारी बाजी**

**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2023 का सोमवार को जेएस हिंदू पीजी कॉलेज अमरोहा में आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया। जिनमें से संस्कृत गीत, संस्कृत गद्य वाचन तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में कुल 115 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में श्रीमद् दयानंद आर्ष कन्या गुरुकुल चोटीपुरा अमरोहा की छात्रा प्राची ने प्रथम, संस्कृति ने द्वितीय तथा नंदिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्कृत गद्य वाचन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से उनकी ही कक्षा में निर्धारित संस्कृत की पाठ्य पुस्तक को पढ़वाया गया। विद्यार्थियों के उच्चारण, भाव भंगिमा एवं शुद्धता के आधार पर निर्णय किया गया। जिसमें सनातन धर्म जूनियर हाईस्कूल गजरौला के कक्षा 6 के ने प्रथम तथा जिज्ञासा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सनातन धर्म संस्कृत माध्यमिक विद्यालय गजरौला के प्रशांत और श्वेता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



विद्यार्थी कृष्णा ने प्रथम केपी इंटर सादपुर के कक्षा 8 के विद्यार्थी हर्षित ने द्वितीय तथा सोफिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें दो-दो विद्यार्थियों की टीम निर्धारित कर संस्कृत से संबंधित प्रश्न पूछे गए। सर्वाधिक सही उत्तर देकर श्रीमद् दयानंद आर्ष कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की संस्कृति और खुशी

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा क्रमशः 1000, 800 और 700 रुपए पुरस्कार स्वरूप धनराशि उनके बैंक खाते में प्रदान की जाएगी। आयोजन स्थल पर इन विद्यार्थियों को संस्कृत संस्थान का प्रमाण पत्र, संस्कृत संभाषण की पुस्तक तथा तुलसी का पौधा भेंटकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में डॉ0 सीमा रानी शर्मा, डॉ0 अनुभा गुप्ता, डॉ0 अंजली उपाध्याय डॉ0 रिंकू कुमार तथा कृष्ण कुमार झा व मायारानी गौड उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल रायपुरिया ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि संस्कृत की प्रतिभाओं को खोजने और उन्हें आगे बढ़ाना समय की आवश्यकताओं के अनुरूप है। हमें भारतीय गौरव की प्रतिष्ठा हेतु संस्कृत और भारतीय संस्कृति से जुड़ना होगा।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 अरविंद कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता आज जनपद स्तर पर आयोजित की गई है, जिसमें 115 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इन तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता विद्यार्थी मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे तथा मंडल के प्रथम व द्वितीय स्थान के विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्कृत संस्थान द्वारा कुल 12 प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें अवशेष प्रतियोगिताएं ऑनलाइन माध्यम से तथा मंडल स्तर पर तत्पश्चात राज्य स्तर पर आयोजित होंगी।

इस दौरान डॉ0 नवनीत बिश्नोई, डॉ0 संगीता धामा राजकिशोर शुक्ला, डॉ0 पीयूष कुमार शर्मा, डॉ0 जितेंद्र कुमार आदि प्राध्यापक और केपी इंटर कॉलेज सादपुर के संजीव कुमार, कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज से नितिका, सनातन धर्म विद्यालय वासुदेव से अंजली यादव, सनातन धर्म संस्कृत विद्यालय गजरौला के राहुल शर्मा और प्रवीणिका पांडेय आदि विभिन्न विद्यालयों के संस्कृत शिक्षक व महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।